उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या-93/2020/70प्र0स0 /92-2-20-10जांच/2017
लखनऊ :: दिनांक:: 17 जुलाई 2020

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद फिरोजाबाद में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये गये निर्माण कार्यो की महालेखाकार की सम्प्रेक्षा दल द्वारा दिनांक 22-02-2016 से 27-02-2016 तक किये गये आडिट में परिलक्षित रू0 15,62,108.00 का अधिक व्यय करने की अनियमितता के क्रम में अधीक्षण अभियंता के पद के दायित्वों के प्रति सजग न रहने, अपने अधीनस्थों कार्यो व कार्मिको का नियंत्रण न रखने, उच्चाधिकारियों के अधिकारों का अतिक्रमण करने, उ0प्र0 शासन द्वारा परिचालित दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य न करने आदि अनियमितताओं में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-130/2017/1280/92-2-17-10जांच/2017 दिनांक 26-07-2017 द्वारा श्री रूपेश कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-आगरा को आरोप पत्र देते हुये उनके विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जांच के सम्पादनार्थ मुख्य अभियंता (प0क्षे0), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया था। जांच अधिकारी/मुख्य अभियंता (प0क्षे0) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-1016/ग्रा0अ0वि0/अनु0जां0-आ0लि0-आगरा/17-18 दि0 31-01-2018 द्वारा शासन में उपलब्ध कराया गया। उक्त जॉच आख्या में श्री रूपेश कुमार वर्मा पर अधिरोपित कुल 03 आरोपों में से आरोप सं0-1 व 3 पूर्णरूप से स्थापित बताया गया तथा आरोप संख्या-2 आंशिक रूप से स्थापित पाये जाने पर शासन के पत्र सं0-302/92-2-18-10जांच/2017 दिनांक 21-02-2018 द्वारा उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-9(4) के अंतर्गत अभ्यावेदन मांगा गया, जो उनके पत्र दिनांक 02-07-2018 द्वारा शासन में उपलब्ध कराया गया।

2- अपचारी अधिकारी पर अधिरोपित आरोप, जांच अधिकारी की जांच आख्या, अपचारी अधिकारी के अभ्यावेदनव अन्य संगत अभिलेखों के शासन द्वारा सम्यक परीक्षणोपरान्त कार्यालय ज्ञाप सं0-147/18/1840/92-2-2018-10जांच/2017 दिनांक 26-10-2018 द्वारा श्री रूपेश कुमार वर्मा, तत्का0 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-आगरा सम्प्रति परि0-देवीपाटन मण्डल गोण्डा की सत्यनिष्ठा संदिग्ध करते हुये परिनिन्दा का दण्ड देते हुये अनुशासनिक कार्यवाही समाप्त कर दी गयी।

3- शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 26-10-2018 द्वारा निर्गत दण्डादेश के विरूद्ध अपचारी अधिकारी श्री रूपेश कुमार वर्मा,तत्का0 अधीक्षण अभियंता के पत्रसं0-57/ग्रा0अ0वि0/जबाब/20-21 दि0 14-05-2020 द्वारा अपना प्रत्यावेदन शासन में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रत्यावेदन में श्री रूपेश कुमार वर्मा द्वारा लगभग उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है जिन्हें जॉच अधिकारी को दिये गये बचाव उत्तर व शासन में उपलब्ध कराये गये अभ्यावेदन में किया गया था। प्रत्यावेदन में किसी नवीन तथ्य का उल्लेख नही किया गया है। अतएव प्रकरण में शासन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

के दण्डादेश दिनांक 26.10.2018 के विरूद्ध अपचारी अधिकारी श्री रूपेश कुमार वर्मा, तत्का0 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-आगरा सम्प्रति परि0-लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रत्यावेदन दिनांक 14-05-2020 बलहीन पाये जाने के कारण निरस्त करते हुये निस्तारित किये जाने की एतदद्वारा श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

कल्पना अवस्थी
प्रमुख सचिव।

संख्या-93/2020/70प्र0स0(1)/92-2-2020 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

2- श्री रूपेश कुमार वर्मा, तत्का0 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-आगरा सम्प्रति परि0-लखनऊ द्वारा-निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।